सं क्यू / पीए ।।/ 576/01/2016

विदेश मंत्रालय

(प्रशासन प्रभाग)

19 **मई**,2016

साउथ ब्लॉक,**नई दिल्ली**

सेवा में,

1. **भारत सरकार के ग्रुप ए केन्द्रीय सेवाओं तथा अखिल भारतीय सेवाओं के सभी संवर्ग नियंत्रक मंत्रालयों / विभागों के सचिव ।**
2. **विदेश मंत्रालय के सभी प्रभाग प्रमुख**

विषय: अक्करा, अबुजा, अदीस, अबाबा, कोलंबो, डकार, दार-एस-सलाम, जकार्ता के आसियान (ASEAN) मिशन, मापुटो और विंडहोक में हमारे मिशनों में प्रथम सचिव / द्वितीय सचिव (विकास सहयोग) के नौ (9) पदों की भर्ती ।

अक्करा, अबुजा, अदीस, अबाबा, कोलंबो, डकार, दार-एस-सलाम, जकार्ता के आसियान (ASEAN) मिशन, मापुटो और विंडहोक में हमारे मिशनों में प्रथम सचिव / द्वितीय सचिव (विकास सहयोग) के नौ (9) पदों की भर्ती तीन साल की अवधि के लिए अखिल भारतीय सेवाओं तथा ग्रुप ए केन्द्रीय सेवाओं के उप सचिव / अवर सचिव स्तर के अधिकारियों द्वारा भरा जाना प्रस्तावित है ।

2 पदों के लिए आवश्यक और वांछनीय योग्यता इस प्रकार हैं -

आवश्यक योग्यता

- **I)** JAG **या इसके समकक्ष पद पर नियमित पद-धारक या अखिल भारतीय सेवाओं या ग्रुप ए केन्द्रीय सेवाओं में वरिष्ठ वेतनमान के पद पर कम से कम पांच वर्षों तक पद-धारक ।**
- **II) विदेश मंत्रालय के मुख्यालय में न्यूनतम दो साल काम करने का अनुभव ।**
- **III) सतर्कता की दृष्टि से अधिकारी को दोषमुक्त होना चाहिए।**
- **IV) अधिकारी विदेशी प्रतिनियुक्ति से वंचित न किया गया हो ।**
- **V) अधिकारी की उम्र 45 साल से अधिक नहीं होनी चाहिए।**

वांछनीय योग्यता

1. **उत्कृष्ट वाचनिक और लिखित संचार कौशल।**

Ii) **इंजीनियरिंग, विज्ञान या संबंधित विधा या अर्थशास्त्र / वित्त / प्रबंधन में स्नातकोत्तर/ स्नातक।**

(Iii) 'उत्कृष्ट' सेवा रिकॉर्ड वाले अधिकारियों को तरजीह दी जाएगी ।

उपलब्धियाँ

1 अधिकारियों को विदेश में अपने संबंधित मिशन के तहत प्रथम सचिव / द्वितीय सचिव के बराबर प्राप्य मूल वेतन और विदेश भत्ता दिया जाएगा । विदेशों में अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति के दौरान अन्य भत्ते और प्राप्य हक संबंधित मिशनों में समान रैंक के अधिकारियों के बराबर स्वीकार्य होगी ।

2. केंद्र में उप सचिव / अवर सचिव के रूप में नियुक्त किए जाने के लिए पात्र अधिकारियों के बीच ये पद प्राथमिकता के आधार पर परिचालित किए जा सकते हैं । योग्य अधिकारी, जो मंत्रालय / विभाग द्वारा कार्यमुक्त किए जा सकें, उनके नाम इस मंत्रालय को उनके कैडर निकासी, सतर्कता मंजूरी, विस्तृत बायो-डाटा और पिछले पांच सालों के एपीएआर फाइल/ एपीएआर की प्रमाणित प्रतियां से साथ भेजें ।

3. जो अधिकारी वर्तमान में विदेश मंत्रालय में प्रतिनियुक्ति पर हैं वे अपने मूल काडर से कैडर मंजूरी के साथ इस पद के लिए आवेदन कर सकते हैं कि यदि उनका चयन किया जाता है तो आगामी तीन वर्षों के लिए वे विदेश प्रतिनियुक्ति के लिए उपलब्ध रहेंगे ।

4. निवेदन है कि योग्य उम्मीदवारों के आवेदन इस रूप में अग्रेषित करें ताकि आवेदन मंत्रालय को दिनांक 6 जून, 2016 तक प्राप्त हो जाएँ ।

भवदीय

(सिबि जार्ज)

प्रतिलिपि : यूएस (डीडी), विदेश मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु ।